# महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

## विज्ञप्ति सं. 207

*क्रमांकःएफ( )/परीक्षा/मदसविवि/2026/31548* *दिनांकः 13.02.2026*

विश्वविद्यालय की निम्न वर्णित **मुख्य परीक्षा सत्र 2025–26** के परीक्षा आवेदन पत्र राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) के अनुसार **सेमेस्टर स्कीम** से बेवसाइट **www.mdsuexam.org तथा www.mdsuexam.net** के **Home Page** पर **Panel for NEP Classes** पर जाकर ऑनलाइन प्रक्रिया से विज्ञपित संख्या 202 दिनांक 04.02.2026 के अनुसार निम्नलिखित तालिका से भरे जा रहे थे। छात्र हित को ध्यान में रखते हुए आवेदन करने की तिथियाँ निम्नानुसार बढ़ाई जाती हैं। अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे निर्धारित समय सीमा में अपने परीक्षा आवेदन पत्र भरना सुनिश्चित करें। **आवेदन भरने हेतु अभ्यर्थी अपने घर पर रहते हुए उक्त वेबसाइट पर जाकर ऑन लाईन आवेदन कर सकते है तथा परीक्षा शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड व नेटबैंकिग के माध्यम से घर पर रह कर ही किया जा सकता है।** आवेदन पत्र ई–मित्र कियोस्क के माध्यम से भरे जाने की भी व्यवस्था है

<table>
<tr><th>कक्षा</th><th>बिना विलम्ब शुल्क</th><th>विलम्ब शुल्क रू. 100/– सहित</th><th>परीक्षा शुल्क के बराबर विलम्ब शुल्क सहित</th></tr>
<tr><td>Forms available for December, 2025 Exam<br>UG(NEP)<br><u>II<sup>nd</sup> Year (Semester-III)</u><br><u>III<sup>rd</sup> Year (Semester-V)</u><br><br><u>नियमित, पूर्व एवं स्वयंपाठी विद्यार्थी</u><br>(For Regular & Non collegiate students)<br>B.A and B.Com<br><u>नियमित एवं पूर्व विद्यार्थी</u><br>(For Regular and Ex. students)<br>B.Sc. (B.Sc., Natu.yogic.sc, B.Sc. IT) / BCA / BBA / BPES<br>B.Sc. Foods Science & nutrition<br><u>II<sup>nd</sup> Year (Semester-III)</u><br><u>नियमित विद्यार्थी</u><br>B.A. (Hons), Eco. Geog, Hist, Pol. Sci.<br>B.Com (Hons) ABST<br>B.Sc. (Hons) Chem, Maths</td><td rowspan="2">16.02.2026 तक</td><td rowspan="2">17.02.2026 से 21.02.2026</td><td rowspan="2">22.02.2026 से 25.02.2026</td></tr>
<tr><td><u>Ist Year (Semester-I)</u><br>(<u>only FAIL students of session 2023-24 and 2024-25</u>)<br><u>पूर्व छात्र एवं स्वयंपाठी छात्र</u><br>(For Ex-Students & Non collegiate students)<br>B.A and B.Com<br><u>पूर्व छात्र</u><br>(For Ex-Students)<br>B.Sc. (B.Sc., Natu.yogic.sc, B.Sc. IT) / BCA / BBA / BPES<br>B.Sc. Home Science, B.Sc. Foods Science & nutrition<br>B.A. (Hons), Eco. Geog, Hist, Pol. Sci.</td></tr>
</table>

| | | | |
|---|---|---|---|
| **B.Com (Hons) ABST**<br>**B.Sc. (Hons) Chem, Maths** | | | |
| उपरोक्त वर्णित सभी परीक्षाओं के प्रिन्टेड आवेदन पत्र (हार्ड कॉपी–दो प्रतियों में) संबंधित महाविद्यालय / केन्द्र / विभाग में जमा कराने की अंतिम तिथि | 17.02.2026 | 23.02.2026 | 26.02.2026 |
| उपरोक्त वर्णित सभी परीक्षाओं के आवेदन पत्र की विश्वविद्यालय प्रति मय सभी संलग्नकों के जॉच पश्चात् महाविद्यालयों द्वारा विश्वविद्यालय में जमा कराने की अंतिम तिथि | 18.02.2026 | 24.02.2026 | 27.02.2026 |

**उपरोक्त वर्णित कक्षाओं के अतिरिक्त अन्य कक्षाओं के आवेदन पत्र भरने हेतु सूचना वैबसाईट पर उपलब्ध रहेगी।**

**<u>नोटः– विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने एक सेमेस्टर के पेपर्स को अधिकतम 3 (1+2) अवसरों में उत्तीर्ण करलें। विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय आदेश 194 दिनांक 07.01. 2026 का अवलोकन करें। समय समय पर विश्वविद्यालय वैबसाईट पर स्कीम, दिशा निर्देश, कार्यालय आदेश, नोटिफिकेशन आदि का निरन्तर अवलोकन करते रहें।</u>**

परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु निर्देश, परीक्षा फीस का विवरण उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे परीक्षा हेतु **आवेदन करने के लिये अन्तिम तिथि की प्रतीक्षा न करें अपितु यथा शीघ्र आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया को पूर्ण करें।** निर्धारित अवधि के पूर्व तथा पश्चात् फीस स्वीकार नहीं की जावेगी। **<u>नियमित एवं पूर्व छात्र सम्बन्धित महाविद्यालय में तथा स्वयंपाठी छात्र सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र पर वांछित दस्तावेज यथा परीक्षा आवेदन पत्र, नामांकन एवं पात्रता पत्र की हार्ड कॉपी मय अर्हता परीक्षा की अंकतालिकाएं आवश्यक रूप से जमा करावें।</u>**

**<u>अभ्यर्थी द्वारा जिस महाविद्यालय से आवेदन पत्र अग्रेषित करवाया गया है, यह आवश्यक नहीं है कि विश्वविद्यालय द्वारा उसी अनुसार परीक्षा केन्द्र आवंटित किया जाये। विश्वविद्यालय द्वारा व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत इसमें परिवर्तन किया जा सकता है। परीक्षा केन्द्र आवंटन का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित होगा।</u>**

**नोट–**

1. आवेदन पत्रों के साथ अंकतालिकाएं / दस्तावेज वैबसाईट पर उपलब्ध जनरल गाईड लाईन्स दिनांक 29.11.2025 के बिन्दु संख्या 11 में वर्णित निर्देशों के अनुसार संलग्न करें।

   (अ) राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर (RBSE) से सीनियर सैकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी, जो स्नातक भाग प्रथम सैमेस्टर–प्रथम (UG-Part-I, Sem-I) का नामांकन / पात्रता आवेदन पत्र सहित परीक्षा फॉर्म जमा करवा रहे हैं। वे अर्हकारी (Qualifying) परीक्षा की मूल अंकतालिका / डुप्लीकेट अंकतालिका जो कि बोर्ड द्वारा जारी की गई हो, जमा करावें। नामांकन / पात्रता आवेदन पत्र के साथ छाया प्रति (Photocopy) मान्य नहीं होगी।

   (ब) RBSE <u>के अलावा अन्य बोर्ड यथा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड</u> (CBSE) <u>आदि से उत्तीर्ण विद्यार्थी अपनी मूल अंकतालिका (Original marksheet) के साथ मूल माइग्रेशन प्रमाण–पत्र भी संलग्न करें।</u>

   <u>(स) अन्य सभी अभ्यर्थी जो कि महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर में वर्तमान में नामांकित</u> (Enrolled) <u>हैं यथा स्नातक द्वितीय वर्ष, तृतीय वर्ष, स्नातकोत्तर आदि, वे अर्हकारी</u> (Qualifying) <u>परीक्षा / परीक्षाओं की अंकतालिका की स्व प्रमाणित छाया प्रति (फोटो स्टेट) संलग्न करें।</u>

   <u>(द) नियमित अभ्यर्थी मूल दस्तावेज नामांकन / पात्रता आवेदन पत्र (Enrollment Form) के साथ संलग्न करें, पूर्व छात्र (Ex Student) प्रथम सेमेस्टर की अंकतालिका की प्रति लगायें एवं स्वयंपाठी अभ्यर्थी (Non Collegiate) मूल दस्तावेज परीक्षा आवेदन पत्र (Exam Form) के साथ संलग्न नामांकन / पात्रता आवेदन पत्र के साथ लगायें। परीक्षा फॉर्म के साथ स्वः प्रमाणित अंकतालिका की फोटो संलग्न करें।</u>
2. ऐसे समस्त अभ्यर्थी (पूर्व एवं स्वयंपाठी) जो परीक्षा 2025 में स्नातक परीक्षा के द्वितीय वर्ष में प्रविष्ट हुए थे, उनको परीक्षा वर्ष 2026 के द्वितीय वर्ष के पाठ्यक्रमानुसार अन्य अनिवार्य विषयों के साथ पर्यावरण विज्ञान की अनिवार्य विषय की परीक्षा में प्रविष्ठ होना होगा।
3. जो छात्र परीक्षा वर्ष 2026 में स्नातक पार्ट द्वितीय / तृतीय में प्रविष्ट हो रहे हैं उनका जो अनिवार्य विषय बकाया है उनकी भी परीक्षा देनी होगी।
4. स्नातक कला में वैकल्पिक विषय के रूप में तीन साहित्य विषय तथा तीन प्रायोगिक विषय चयन करने की अनुमति नहीं है।
5. स्वयंपाठी परीक्षार्थियों को निम्नलिखित विषयों में परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जावेगी–

लाइव स्टॉक एवं डेयरिंग, टैक्सटाइल डाइंग एण्ड प्रिन्टिग, ड्राइग एण्ड पेन्टिग, फिजिकल एजुकेशन, कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं मनोविज्ञान।

6. स्वयंपाठी पुरूष परीक्षार्थियों को गृह विज्ञान वैकल्पिक विषय के रूप में चयन करने की अनुमति नहीं दी जावेगी।
7. स्नातक कला वर्ग के स्वयंपाठी छात्र प्रायोगिक विषय का चयन करने पर आवेदन भरते समय उसी महाविद्यालय का चयन करें जहाँ यह विषय नियमित छात्रों हेतु उपलब्ध हो।
8. उपर्युक्त तालिका में वर्णित परीक्षाओं के अतिरिक्त परीक्षाओं के परीक्षा आवेदन पत्र ऑन लाइन आरम्भ होने की तिथि शीघ्र घोषित की जावेगी। इसकी सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.mdsuexam.org तथा www.mdsuexam.net** पर उपलब्ध कराई जावेगी।
9. विस्तृत जानकारी के लिए वैबसाईट पर उपलब्ध आवेदन–पत्र भरने संबंधी निर्देश तथा स्नातकोत्तर हेतु दिशा निर्देश का अवलोकन करें।
10. परीक्षा सत्र 2025–26 हेतु कला/वाणिज्य/विज्ञान संकाय में नियमित विद्यार्थी अपना महाविद्यालय परिवर्तन नहीं करा सकते हैं।
11. **अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि परीक्षा सम्बन्धी जानकारी के लिए वैबसाईट mdsuexam.org तथा mdsuexam.net का निरन्तर अवलोकन करें तथा इसके अतिरिक्त कार्यालय समय में प्रातः 09.00 से सायं 6.00 के बीच हैल्प लाइन नम्बर 9460713224 एवं 9587616952 एवं ई–मेल आईडी helpdesk@mdsuexam.org पर भी सम्पर्क किया जा सकता है:–**

*-sd-*

***परीक्षा नियंत्रक***

*क्रमांकःएफ( )/परीक्षा/मदसविवि/2026/ 31549–898* *दिनांकः 13.02.2026*

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है–

1. समस्त विभागाध्यक्ष, महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय एवं समस्त प्राचार्य– सम्बद्ध महाविद्यालय, को प्रेषित कर लेख है किः
   1. जिन परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर महाविद्यालय में जमा करवाये गये हैं, उनके परीक्षा फार्म मय संलग्नकों के अनुक्रमांक अनुसार (Roll No. Wise) कक्षावार/महाविद्यालयवार सूची तैयार करके उक्त तालिका में वर्णित तिथि अनुसार विश्वविद्यालय के लेखा एवं वित्त शाखा के रोकड़ प्राप्ति शाखा में व्यक्तिगत रूप से जमा करावें। इस हेतु उन्हें नियमानुसार यात्रा भत्ता देय होगा। उपरोक्त निर्धारित तिथियों के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों के लिए कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। विभागाध्यक्ष एवं समस्त प्राचार्यों को सूचित किया जाता है कि वे वैबसाईट पर उपलब्ध कार्यालय आदेश, स्कीम, नोटिफिकेशन, दिशा निर्देश आदि से विद्यार्थियों को अवगत करावें।
   2. उपरोक्त वर्णित तिथियों को यदि महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय में परीक्षा आवेदन पत्र अनुक्रमांक अनुसार (Roll No. Wise) कक्षावार करके जमा नहीं करवाया जाता हैं, तो उनके महाविद्यालय से प्राप्त परीक्षा आवेदन पत्रों की परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित नहीं की जा सकेगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी।
   3. **विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक भाग–प्रथम तथा स्नातकोत्तर (पूर्वाद्ध) कक्षाओं हेतु आवंटित सीटों के अनुसार ही नियमित छात्रों से फार्म भरवाये गये हैं, इस आशय का शपथ पत्र सम्बन्धित प्राचार्यो द्वारा परीक्षा फार्म के साथ अनिवार्य रूप से देय होगा।**
   4. **परीक्षा आवेदन पत्र कैश काउन्टर पर जमा करवाने हेतु महाविद्यालयों हेतु आवश्यक निर्देशः–**
      **फीस रिपोर्ट एक प्रति में व Detail of Registered Students (Summary) दो प्रतियों में एवं परीक्षा आवेदन पत्र कक्षावार Nominal Roll के साथ एक प्रति में भिजवाएं।**
   5. छात्र द्वारा आवेदन करने में त्रुटि हो जाने के बाद तथा शुल्क भी जमा करवा देने के पश्चात् छपे हुए आवेदन पत्र में सम्बंधित महाविद्यालय/केन्द्र को संशोधन करने हेतु अधिकृत किया जाता है। महाविद्यालय/केन्द्र छात्र के दस्तावेजों को देखकर व पूर्णतः संतुष्ट होने पर संशोधन पर हस्ताक्षर व मोहर लगाकर संशोधित आवेदन पत्र (एक्जाम फॉर्म की हार्ड कॉपी) मय छात्र के प्रार्थना पत्र के विश्वविद्यालय को अग्रेषित करेंगे। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय/केन्द्र के पैनल पर संशोधन करने की सुविधा रहेगी अतः महाविद्यालय/केन्द्र को ऑनलाइन संशोधन भी करना आवश्यक होगा।
2. ए.सी.पी, ऑनलाईन केन्द्र, मदसविवि, अजमेर को भेजकर लेख है कि विज्ञप्ति को परीक्षा कार्य की बेवसाइट पर प्रसारित कराने की व्यवस्था करें।
3. वित्त नियंत्रक, मदसविवि, अजमेर।
4. सहायक कुलसचिव (वित्त एवं लेखा) को प्रेषित कर लेख है कि आवश्यक कार्यवाही करने के पश्चात् आवेदन पत्र अधिकतम तीन दिवस के भीतर संबंधित परीक्षा शाखा को प्रेषित करने की व्यवस्था करावें।
5. समस्त उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव/अनुभागाधिकारी/प्रोग्रामर, मदसविवि, अजमेर।
6. निजी सचिव–कुलपति/निजी सहायक कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक, मदसविवि, अजमेर।
7. सहायक, रोकड़ शाखा, मदस विश्वविद्यालय, अजमेर।
8. सहायक कुलसचिव (सा.प्र.) मदसविवि, अजमेर को भेजकर लेख है इस विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा करवाने का श्रम करें।
9. कम्प्यूटर फर्म को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।
10. ई–मित्र कार्यालय, योजना भवन, जयपुर, सी.स्कीम, जयपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

-sd-

**सहा.कुलसचिव(परीक्षा)**